जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा–2/गोपनीय/2014/1910 दिनांक : 08/01/2015

/ / अधिसूचना / /

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष (दूरस्थ शिक्षण पद्धति के छात्रों के लिये) तथा बी0ए0/बी0कॉम0/बी0एस0सी0/बी0एस0सी0 (होम साइंस) तृतीय वर्ष की (असंस्थागत/भूतपूर्व/दूरस्थ शिक्षण पद्धति के छात्रों के लिये) पूरक परीक्षा दिसम्बर 2014 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदनपत्र प्रस्तुत करने की तिथियाँ निम्नानुसार घोषित की जाती हैं :–

1. परीक्षा आवेदन–पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय/दूरस्थ शिक्षण संस्थान में जमा करने की अंतिम तिथि – 12.01.2015

2. परीक्षा आवेदन–पत्र विलम्ब शुल्क रुपये 500/– अतिरिक्त शुल्क के साथ महाविद्यालय/ दूरस्थ शिक्षण संस्थान में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 14.01.2015

3. अपडेट किये हुये परीक्षा आवेदन–पत्र एवं चालान महाविद्यालय/दूरस्थशिक्षण संस्थान द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि – 16.01.2015

विशेष नोट :–

1. परीक्षार्थियों से निम्नानुसार शुल्क लिया जाना है :–

परीक्षा	पूरक
B.A./B.Com./B.Sc./B.H.Sc. I,II,III Year	550/–
इसके अतिरिक्त परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क 60/–रू0 नियमित परीक्षार्थी, 80/–रू0 भूतपूर्व परीक्षार्थी एवं अग्रेषण शुल्क 50/– रू0 तथा परीक्षा संचालन शुल्क 100/– रू0 प्रति परीक्षार्थी शुल्क लिया जाना है। जिसमें से 110/– रुपये की राशि चालान फार्म में से कम कर दी गयी है, जिसका भुगतान महाविद्यालय द्वारा छात्रों से लिया जावेगा।	

2. परीक्षा के आवेदन–पत्र एवं चालान ऑनलाईन उपलब्ध करा दिये गये हैं जिन्हें विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.jiwaji.edu से डाउनलोड कर परीक्षा शुल्क चालान द्वारा एम.पी. ऑनलाईन के किसी भी कियोस्क सेंटर में जमा कर सकते हैं।
3. विश्वविद्यालय में सिर्फ अपडेट किये हुये ही फार्म जमा करें, बिना अपडेट किये हुये फार्म किसी भी स्थिति में मान्य नहीं किये जायेंगे।
4. यदि किसी छात्र का परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन उपलब्ध नहीं होता है, ऐसी स्थिति में महाविद्यालय/दूरस्थ शिक्षण संस्थान ''न्यू एक्जाम फार्म'' ऑप्सन में जाकर छात्र का परीक्षा फार्म भर कर ''प्रिन्ट एक्जाम फार्म'' आप्सन से फार्म एवं चालान प्रिन्ट कर लें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, समस्त संबंधित महाविद्यालय/दूरस्थ शिक्षण संस्थान, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. उप–कुलसचिव/सहा–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि, ग्वालियर

उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)